523. राजस्थान के किस जिले में पत्थरमार होली प्रसिद्ध है?
(a) भीलवाड़ा (b) ब्यावर
(c) सवाइ माधोपुर (d) बाड़मेर

उद्योग प्रसार अधिकारी -2018
Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022

Ans. (d) : राजस्थान के बाड़मेर जिले में आदिवासी लोगों के द्वारा पत्थर मार होली खेली जाती है। इसमें उनके पारंपरिक गीत गाये जाते हैं और ढोल-नगाड़े बजाये जाते हैं। इसमें दो गाँवों या समुदाय के लोग एक दूसरे के सामने-सामने खड़े हो जाते हैं और पत्थर बरसाते हैं।

524. राजस्थान में किस स्थान का ''अन्नकूट महोत्सव'' लोकप्रिय है?
(a) कालिका माता मंदिर-चित्तौड़गढ़
(b) जगदीशजी मंदिर-राजसमंद
(c) श्रीनाथजी- मंदिर-राजसमंद
(d) करणी माता मंदिर-देशनोक

कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा-10.09.2022

Ans. (c) राजस्थान के राजसमंद जिले के नाथद्वारा कस्बे में स्थित बल्लभ सम्प्रदाय की प्रधान पीठ श्रीनाथजी के मंदिर का 'अन्नकूट महोत्सव' लोकप्रिय है। यहाँ दीपावली के दूसरे दिन रात्रि में अन्नकूट महोत्सव एवं मेला आयोजित होता है।

525. संत जाम्भोजी को समाधिस्थल किया गया था-
(a) मुकाम में (b) पीपासर में
(c) लालसर में (d) जागूल में

कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा-10.09.2022

Ans. (a) – संत जाम्भोजी को बीकानेर जिले की नोखा तहसील के मुकाम में समाधिस्थ किया गया था। जहाँ प्रतिवर्ष फाल्गुन और आश्विन की अमावस्या को मेला लगता है। जाम्भोजी का जन्म 1451 ई. में जन्माष्टमी के दिन नागौर जिले के पीपासर गाँव में हुआ था। इनका मूल नाम धनराज था।

526. राजस्थान में ग्रीष्म उत्सव कहाँ मनाया जाता है?
(a) जयपुर (b) पुष्कर
(c) जोधपुर (d) माउंट आबू

स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा-2019 (21 मार्च, 2021)

Ans. (d) – राजस्थान में ग्रीष्म उत्सव माउंट आबू में मनाया जाता है। राजस्थान के एक मात्र हिल स्टेशन माउंट आबू में दो दिवसीय ग्रीष्म उत्सव मनाया जाता है। यह उत्सव बुद्ध पुर्णिमा के दिन से आरम्भ होकर दो दिन तक राजस्थानी संस्कृति को आत्मसात करता है।

527. 'अशोकाष्टमी' मनाई जाती है-
(a) चैत्र कृष्ण अष्टमी को
(b) वैशाख शुक्ल अष्टमी को
(c) श्रावण कृष्ण अष्टमी को
(d) चैत्र शुक्ल अष्टमी को

पटवार 2020 (24 अक्टूबर, 2021) Shift-III

Ans. (d) – अशोकाष्टमी चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाई जाती है। भगवान लिंगराज को समर्पित यह त्यौहार मुख्यतः ओडिशा में मनाया जाता है।

528. तिल चौथ (संकट चौथ) मनाया जाता है उच्चाधिकार है
(a) भाद्रपद कृष्ण षष्ठी
(b) फाल्गुन शुक्ल एकादशी
(c) कार्तिक शुक्ल एकादशी
(d) माघ कृष्ण चतुर्थी

पटवार -2020 (23 अक्टूबर, 2021)

Ans. (d) – तिल चौथ (सकट चौथ) माघ मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। सकट चौथ पर भगवान गणेश की पूजा की जाती है।

529. 'फूलडोल उत्सव' मनाया जाता है-
(a) वल्लभ पंथ द्वारा (b) रामस्नेही पंथ द्वारा
(c) सतनाम पंथ द्वारा (d) परनामी पंथ द्वारा

पटवार-2020 (23 अक्टूबर, 2021)

Ans. (b) – 'फूलडोल उत्सव' रामस्नेही पंथ द्वारा मनाया जाता है। इस महोत्सव की शुरुआत 253 वर्ष पहले हुई थी। भीलवाड़ा जिले के शाहपुरा में फूलडोल का मुख्य महोत्सव होलिका दहन से रंग पंचमी तक पांच दिनों तक मनाया जाता है। रामस्नेही संप्रदाय के संस्थापक स्वामी रामचरण महाराज के शिष्यों ने होली पर प्रहलाद कथा का अनुरोध किया। कथा के दौरान फूलों की बारिश होने लगी। इस पर इसी के आधार आयोजन का नाम फूलडोल पड़ा।

530. 'ढीगोली' क्या है-
(a) स्त्रियों का व्रत (b) आभूषण का नाम
(c) नृत्य का नाम (d) मारवाड़ी खेल का नाम

Live Stock Assistant (Tsp Area)- 16.10.2016

Ans. (a) – 'ढीगोली स्त्रियों का व्रत है।............

531. किस हिन्दू महीने (वि.सं.) में तेजादशमी मनाई जाती है?
(a) आश्विन (b) श्रावण
(c) भाद्रपद (d) कार्तिक

LDC Exam 09.09.2018

Ans. (c) – प्रतिवर्ष भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को तेजादशमी पर्व मनाया जाता है। इस पर्व के दिन तेजाजी महाराज के मंदिरों में मेले का आयोजन होता है। जाट समुदाय के आराध्य देव तेजाजी महाराज को सांपों के देव के रूप में पूजा जाता है। वीर तेजाजी महाराज का जन्म नागौर जिले के खड़नाल गाँव में हुआ था।

532. राजस्थान में निम्न में से कौनसा त्यौहार श्रावण मास में नहीं आता है?
(a) नाग पंचमी (b) तीज
(c) रक्षाबन्धन (d) जन्माष्टमी

LDC Exam 16.09.2018

Ans. (d) – राजस्थान में जन्माष्टमी त्यौहार श्रावण मास में नहीं मनाया जाता है। कृष्ण जन्माष्टमी भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष में प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। नागपंचमी, तीज, रक्षाबन्धन श्रावण मास में मनाये जाने वाले त्यौहार है।

533. निम्न में से असंगत युग्म को छांटिए-
(a) ग्रीष्म महोत्सव-माउण्ट आबू
(b) चन्द्रभागा मेला-झालावाड़
(c) हाथी महोत्सव-जयपुर
(d) ऊँट महोत्सव-जैसलमेर

कृषि पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा-2018